शीर्ष प्राथमिकता/आज ही /ई–मेल
संख्या–1337/आठ–6–2024

प्रेषक,

डा0 नितिन रमेश गोकर्ण,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1	**आयुक्त,** आवास एवं विकास परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।	2	**उपाध्यक्ष/अध्यक्ष,** समस्त विकास/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उ0प्र0।	3	**नियत प्राधिकारी/ जिलाधिकारी,** समस्त विनियमित क्षेत्र,उ0प्र0।
4	**मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक,** नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।				

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–6 **लखनऊःदिनांक 02 जुलाई, 2024**

विषयः समूह–'क' एवं 'ख' श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किये जाने की व्यवस्था के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन संख्या–1209/आठ–6–2024 दिनांक 13.06.2024, 1223/आठ–6–2024 दिनांक 18.06.2024 एवं 1245/आठ–6–2024 दिनांक 13.06.2024 तथा का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से संबंधित समूह–'क' एवं 'ख' श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किये जाने विषयक प्रकरण के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा Workflow जनरेशन की कार्यवाही पूर्ण कराते हुए दिनांक 18.06.2024 तक अनिवार्य रूप से अनुपालन आख्या प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये थे परन्तु मानव सम्पदा पोर्टल पर प्रदर्शित सूचना(छायाप्रति संलग्न) के अनुसार कतिपय प्राधिकरणों/कार्यालयों में Workflow जनरेशन की कार्यवाही अपूर्ण है, यह स्थिति संतोषजनक नहीं है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने कार्यालय में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से संबंधित कार्यरत समूह–'क' एवं 'ख' श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किये जाने के संबंध में संलग्न सूची के अनुसार प्रदर्शित अधिकारियों में मृत/सेवानिवृत्त अधिकारियों का डाटा एन0आई0सी0 द्वारा स्वस्तर से विलोपित कराते हुए Workflow जनरेशन से संबंधित कार्यवाही पूर्ण कराते हुए अनुपालन आख्या शासन को **प्रत्येक दशा में आज ही** उपलब्ध कराने का कष्ट करें। Workflow जनरेशन की कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण न होने पर संबंधित सचिव, विकास प्राधिकरण/संबंधित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

संलग्नक– यथोक्त।

भवदीय,

(डा0 नितिन रमेश गोकर्ण)
अपर मुख्य सचिव।

GO Deep Comp

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ को उपर्युक्तानुसार समस्त अभिकरणों से समन्वय स्थापित करते हुए सूचना प्राप्त कर शासन को समेकित सूचना उपलब्ध कराने हेतु।
2. अनुभाग अधिकारी(लेखा), आवास एवं शहरी नियोजन लेखा अनुभाग।
3. समस्त अनुभाग अधिकारी, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।

आज्ञा से,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
विशेष सचिव।

GO Deep Comp